





## खबर संक्षेप



### छत्रपति शिवाजी की वेशभूषा में विराजे राजाधिराज गणेश जी

**गढ़ाकोटा ।** नगर के चार वार्ड चौराहा पर समिति द्वारा इस बार भगवान गणेश जी को छत्रपति शिवाजी की वेशभूषा में विराजमान किया गया है जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां पर लगातार 35 साल से प्रतिमा विराजमान की जा रही है। सदस्यों ने बताया कि आस्था, भक्ति एवं उत्साह का स्थल चारवार्ड जहाँ हर धार्मिक आयोजन पर्व बड़ी ही भव्यता एवं कुछ विशेष करके मनाया जाता है। इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर चार वार्ड चौराहे पर विराजमान शिवाजी स्वरूप में श्री राजाधिराज महाराज एवं पंडाल में साक्षात गणेश मंदिर की भांति श्री अष्टविनायक गणपति जी के दर्शन आप सभी श्रध्दालुओं को प्राप्त होंगे। यह कलाकारी भी हमारे समिति के सदस्यों द्वारा ही की गई है। सप्तमी पर महा आरती की जाएगी। राजाधिराज महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### कांग्रेस कार्यालय के सामने मौन धरना देकर,महिलाओं ने राहुल गांधी के पुतले को जलाया

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के अपमान पर फूटा गुस्सा,सागर में कांग्रेस के खिलाफ भाजपा का बड़ा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत माता जी पर कांग्रेस नेताओं द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ रविवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा तीन बत्ती स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने मौन धरना देकर विरोध प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, पूर्व गृहमंत्री, पूर्व सांसद, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह, विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, विधायक प्रदीप लारिया, प्रदेश पदाधिकारी प्रभुदयाल पटेल, महापौर संगीता तिवारी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष संध्या भार्गव, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधि, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम जन शामिल हुए।

मौन धरना प्रदर्शन दोपहर 12 बजे शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता हाथों में कॉंग्रेस और इनके नेताओं के विरोध में लिखे नारों की तख्तियां लेकर आक्रोश के साथ शामिल हुईं। धरना स्थल पर पूरे समय ध्वनी विस्तारक यंत्र के माध्यम से श्री राम धुन और भजन गुंजायमान होते रहे। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि तयसमय उपरांत धरना स्थल पर उपस्थित सभी मातृ शक्ति पदाधिकारी, कार्यकर्ता ने हाथों में तख्तियां लेकर राहुल गांधी माफ़ी मांगों- कॉंग्रेस पार्टी माफ़ी मांगों के नारों का उद्घोष करते हुए, यातायात थाने की ओर जुलुस के रूप में कूच किया जहां महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा राहुल गांधी और कॉंग्रेस का पार्टी अलग अलग पुतला जलाया गया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा की महिलाओं के लिए अपमानजनक अभद्र भाषा का प्रयोग कांग्रेस नेताओं की आदत बन चुकी है जिसके विरोध में आज हम सभी इतनी बड़ी संख्या में मातृ शक्ति के साथ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं भगवान महावीर और भगवान बौद्ध की पवित्र भूमि बिहार से कॉंग्रेस नेता राहुल गांधी कि उपस्थित में कॉंग्रेस नेता द्वारा प्रधानमंत्री स्वर्गीय माँ के बारे में अपमान जनक शब्दों का प्रयोग कर उन्हें अपमानित करने करने कुप्रयास किया उसका जवाब उन्हें बिहार की जनता बिहार के आगामी चुनाव में देगी।



पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी की स्वर्गीय माँ के बारे में जिस प्रकार के अपशब्दों का प्रयोग कांग्रेस के नेताओं द्वारा राहुल गांधी की उपस्थिति में किया गया है उससे पूरे देश भर की बहिनें आज दुखी और आक्रोशित हैं। यह भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला विषय है। न केवल यह प्रधानमंत्री की माँ का अपमान है बल्कि यह देश की सभी माँओं का अपमान है समूची नारी शक्ति का अपमान है जिसके विरोध में समूचे देश में माताएं बहिनें मौन धरने पर बैठी हैं। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सभी निरन्तर देख रहे हैं कि कॉंग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लगातार प्रधानमंत्री जी के बारे में अपमान जनक शब्दों का प्रयोग किया जाता है। प्रधानमंत्री के लिए तमाम अपमान जनक शब्दों का प्रयोग कॉंग्रेसियों द्वारा किया जाता है। माँ जिन्हें हम देवी के समान मानते हैं हमारी संस्कृति में माँ का स्थान सर्वोच्च होता है ऐसी माँ को गाली देने वालों को शर्म से डूब मरना चाहिए। अगर कॉंग्रेस के लोगों में जरा भी नैतिकता और महिलाओं के प्रति सम्मान हो तो वह देश की जनता से माफ़ी मांगे क्योंकि उन्होंने न केवल प्रधानमंत्री की माँ को अपमानित किया बल्कि देश की सभी माँ बहिनों का अपमान किया है जिसकी भारतीय जनता पार्टी घोर निंदा करती है

विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सर्वोच्च स्थान दिया गया है हम हमेशा नारी शक्ति के सम्मान की बात करते हैं परंतु जिन्हें भारतीय संस्कृति से कुछ लेना देना जिनका भारतीय रीति रिवाजों से कोई वास्ता नहीं है ऐसे लोग जो राजनैतिक पदों के साथ संवैधानिक पदों पर है उनके द्वारा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की स्वर्गीय माँ के संबंध में जो अपमान जनक टिप्पणी की गई है यह केवल प्रधानमंत्री जी की माँ अपमान नहीं है बल्कि यह देश की सभी कामकाजी महिलाओं का अपमान हैं ऐसी सभी मातृ शक्ति के सम्मान के लिए आज हम महिला मोर्चा की बहिनों के साथ मौन प्रदर्शन कर रहें हैं। ऐसी घटिया बयान बाजी करने वाले नेताओं को देश की जनता कभी माफ़ नहीं करेगी और न ही ऐसे नेताओं को देश की प्रजातांत्रिक व्यवस्था में कोई स्थान मिलेगा।

नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कहा कि कांग्रेस का चरित्र हमेशा महिला विरोधी रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मंच उनके नेताओं द्वारा जो अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है जिससे प्रत्येक भारतवासी आहत हैं।भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष संध्या भार्गव ने कहा कि जब तक कॉंग्रेस पार्टी और इनके नेता देश की महिलाओं से माफ़ी नहीं मंगाते तब तक हम निरन्तर विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी इस पावन गणेशोत्सव में बुद्धि प्रदाता भगवान श्री गणेशजी से कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं को सद्बुद्धि देने के लिए प्रार्थना करेंगे। साथ ही उन्होंने विरोध प्रदर्शन में शामिल मातृ शक्ति जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। महापौर संगीता तिवारी पार्षद रानी पराग बजाज याकृति जड़िया सहित अन्य महिला नेत्रियो ने कॉंग्रेस नेता के बयान की निंदा की।



### श्रीराधा अष्टमी की शोभा यात्रा का किया स्वागत

**सागर।** श्रीराधा जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर श्रीराधा अष्टमी के पर श्री गौर गोविंद मंदिर रविशंकर वार्ड से विशाल शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गयी,जिसमें सम्मिलित अद्भुत झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शहर के ह्रदय स्थल तीनबत्ती पर कांग्रेस शहर सेवादल परिवार द्वारा शोभायात्रा का भव्य और पूर्ण भक्ति भाव से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सम्मिलित भक्त जनों पर पुष्प वर्षा कर,झांकियों मे विराजमान देवी देवताओं पर पुष्प माला पहनाई गयी,राधे राधे के उद्बोधन से संपूर्ण वातावरण राधामय हो गया। स्वागत कर्ताओं में कांग्रेस सेवादल परिवार से प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी, शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, डॉ आशिक अली, राजेश उपाध्याय, बृजेन्द्र नगरिया, नितिन पचौरी, राजू ठाकुर,गब्बर पठान, लल्ला यादव, अन्नू घोषी, तरूण सैनी,राजीव अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे।



### सेवादल परिवार का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम नमकमंडी में हुआ संपन्न

**सागर ।** हर माह के अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल परिवार शहर के विभिन्न स्थानों पर ध्वजवंदन करके देशभक्ति की भावना का संचार करता आ रहा है। इसी श्रृंखला में ध्वजवंदन कार्यक्रम नमकमंडी,मस्जिद के पास संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं म.प्र.राज्य अधिवक्ता परिषद की कार्यकारी अध्यक्ष एड.रश्मि रितु जैन के करकमलों से ध्वजारोहण हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एड.जैन ने कहा कि अनुशासन का पर्याय कांग्रेस सेवादल है,सेवादल का जो 73 वां ध्वजारोहण करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है उससे मैं और मेरा परिवार गौरावान्वित है।अंत में उन्होंने सभी को गणेश उत्सव और पर्यूषण पर्व की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि, समस्त सेवादल परिवार और उपस्थित कांग्रेस जनों ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव को उनकी निष्ठा, समर्पण और सक्रियता के कारण जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर नियुक्त होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का आयोजन जिला शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और संचालन द्वारका चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सेवादल महासचिव विजय साहू और स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि और वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश राय उपस्थित रहे। अंत में पूर्व पार्षद डॉ सी.व्ही.तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मदन मोहन दुबे,वरिष्ठ कांग्रेसी नरेश चौबे की माता जी रामदुलारी चौबे और युवा नेता प्रकाश जैन के अकस्मात निधन पर आत्मा शांति हेतु सेवादल परिवार ने श्रृद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में हरिश्चंद्र सोनवार, प्रेम नारायण विश्वकर्मा, समीर खान, पार्षद ताहिर खान, राहुल चौबे, लीलाधर सूर्यवंशी दीनदयाल तिवारी, रजिया खान, नितिन पचौरी, आनंद हेला, कल्लू पटेल, अरविंद ठाकुर, बाबू मछंदर, महेश अहिरवार, लल्ला यादव, साजिद राइन, प्रवीण यादव, अंकुर यादव, परख शुक्ला, रामकिशन वसंल, वीरू चौधरी, अजय ठाकुर, नीरज चौरसिया, लोकेंद्र विश्वकर्मा, दीपक कुर्मी, देविका साहू आदि उपस्थित रहे।



### गढ़ाकोटा महाविद्यालय में फिट इंडिया- संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में राष्ट्रीय खेल दिवस के समापन समारोह में फिट इंडिया - संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सर्वप्रथम व्याख्यान के माध्यम से खेलों के महत्व को बताते हुए सभी को फिटनेस के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया साथ ही बताया कि साइकिलिंग न केवल स्वास्थ्य बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। क्रीड़ा अधिकारी राजीव दुबे के निर्देशन में महाविद्यालय से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए साइकिल रैली निकाली गई, रैली में महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की । कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक दीपक बर्मन, बृजेंद्र दांगी, अभय सिंह, डॉ. कृष्णा बागड़े, डॉ. मेघा सिंह, सुश्री सुमन कुमारी, सुश्री ममता अहिरवार, सुश्री रोशनी रोहित, सुश्री स्वाति जैन, नीलेश दुबे, राजा होलकर के साथ छात्र-छात्राएँ एवं स्टाफ सदस्य नरेंद्र पटेल, मुरारी कोरी, रघुनाथ पटेल, अनिल अहिरवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सुश्री आकृति खरे, एवं आभार रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विनोद बागड़े ने माना।

# 1.12 करोड़ लागत के तीन पंचायत भवन निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालथौन

जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने मालथौन जनपद पंचायत के ग्राम चकेरी, हरदौट, भेलैया में पंचायत भवनों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जिनकी निर्माण लागत कुल 1.12 करोड़ रूपए है। इस अवसर पर सरोज सिंह ने कहा कि आपके विधायक भूपेन्द्र सिंह खुरई विधानसभा क्षेत्र में कई सौगात दे रहें हैं। ग्रामवासियों के लिए पंचायत भवन, आंगनवाड़ी भवन, सामुदायिक भवन, सड़क, अस्पताल और स्कूल जैसी कई सुविधाएं प्रदान की है। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य किए हैं जिससे ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान हुआ है। विधायक की पहल से क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं और ग्रामीणों को कई लाभ मिले हैं। नवीन पंचायत भवन बनने से ग्रामवासियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक स्थान मिलेगा और वे आसानी से अपने काम निपटा सकेंगे। आपके विधायक ने बच्चों के लिए स्कूल और कॉलेज बनवाए हैं ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए दूर न जाना पड़े। पहले छात्र छात्रायें पढ़ने के लिये सागर जाते थे लेकिन आज अपनी विधानसभा में कई स्कूल कॉलेजों का निर्माण हो चुका है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे दूर से स्कूल पढ़ने आते है उन्हें निःशुल्क साईकिल वितरित की गई हैं। सरोज सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी द्वारा हमारी बहनों के लिये सबसे बड़ी योजना लाड़ली बहना योजना है। जिसका लाभ माताएं बहनें ले रहीं है।




कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह राजपूत, जनपद अध्यक्ष बुंदेल सिंह, रघुनाथ सिंह, बादल सिंह सरपंच ललोई, कुंदन सिंह, जमना प्रसाद अहिरवार, जाहर सिंह, महेंद्र सिंह, भगवान सिंह, रामकुमार, गजेन्द्र सिंह, बाबू सिंह, विजय सरपंच, महिला मोर्चा अध्यक्ष चकेरी सत्यवती, सुषमा सेन, देवीसींग ठाकुर, नत्थू सिंह, रामकुमार उजनेट, सीमा राय, आशा जैन, रामकुमार बघेल, अरविंद लोधी, रावराजा राजपूत, हाकम राजपूत सरपंच रीना लोधी, हीराबाई विश्वकर्मा, रेखा, सहोद्रा अहिरवार, दुर्गेश राय, बेबी अहिरवार, शांति बाई गौड, सुधा विश्वकर्मा शामिल थे।

### विमुक्ति उत्सव का आयोजन किया गया

**सागर।** स्वतंत्रता के पश्चात विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के विरुद्ध औपनिवेशिक अंग्रेजी कानून आपराधिक जनजाति अधिनियम 1871 को 11 अगस्त 1951 को समाप्त कर इस वर्ग को सच्चे अर्थों में आजादी प्राप्त हुई। इसी स्मृति को प्रतिवर्ष विमुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु कल्याण विभाग की सहायक संचालक सपना चौरसिया ने बताया कि इस वर्ष विभक्ति दिवस कार्यक्रम पोस्ट मैट्रिक छात्रावास सागर में विमुक्ति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर तिलकगंज में जिनालय कार्यालय का किया लोकार्पण



**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन रविवार को श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंगलधाम, तिलकगंज पहुँचे। यहाँ उन्होंने गुरु माँ प्रज्ञा प्रखरणी आर्यिका 105 विजिज्ञासा श्री माताजी के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किए। वर्षायोग एवं पर्यूषण पर्वराज के अवसर पर विधायक जैन मंदिर में चल रहे विधान कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इसी मौके पर जिनालय के कार्यालय का लोकार्पण पूज्य माताजी के सानिध्य में मुख्य अतिथि शैलेंद्र कुमार जैन के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर वीरेंद्र जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक जैन ने माताजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमेटी अध्यक्ष नितिन जैन, अरविंद चौधरी, नितिन नायक, सुधीर घड़ी, सुनील चौधरी, तरंग चौधरी, उमंग चौधरी, सुधीर बिलहरा, अक्षय जैन, नीरज जैन, संजय शेषई सहित अनेक श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

### राधा अष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया

# मां राधारानी की पूजा से ही योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण की प्राप्ति संभव: भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

माता श्री राधारानी जी का वास योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के हृदय स्थल में है। हमारे धर्म शास्त्रों में बताया गया है कि मां राधा की पूजा किए बिना हमें भगवान श्री कृष्ण की प्राप्ति नहीं हो सकती। भगवान श्री कृष्ण आनंद स्वरूप हैं तो मां राधा प्रेममयी स्वरुप हैं। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री, पूर्व सांसद, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने श्री राधा अष्टमी पर्व पर बांदरी के बाबा कारस देव मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने बांदरी बस स्टैंड के पास 50 लाख की लागत से धर्मशाला, तथा पटवारी कार्यालय से मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि पर्व, धार्मिक आयोजन और मंदिर में सब हमें संदेश देते हैं कि जीवन में योगेश्वर का सहारा सबसे बड़ा है। योगेश्वर से संबंध ही शाश्वत है जिससे मनुष्य सारे संकटों के पार निकल जाता है। भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कि जिसके पास धर्म, धैर्य और साहस है उसके साथ स्वयं योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने जन्म से ही स्वयं अनेक कष्ट उठाए। जेल में जन्मे, लालन पालन कहीं और हुआ, बचपन से ही संकटों का सामना किया लेकिन धर्म,धैर्य और साहस ने उन्हें भगवान श्री कृष्ण बनाया।पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि जीवन से बुराइयों और विकार को समाप्त करें, बच्चों को संस्कार धान, शिक्षित और योग्य बनाएं। भगवान की कथाओं से नई पीढ़ी को अवगत कराएं तो सबका घर स्वर्ग हो जाएगा। पूर्व गृहमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बांदरी में नवनिर्मित भगवान श्री राधा कृष्ण जी के मंदिर का अवलोकन किया जिसकी प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इस मंदिर के निर्माण के आरंभ से ही मेरा संबंध इससे जुड़ा हुआ है।आज इसे एक तीर्थ की तरह विकसित रूप में देख कर मन प्रसन्नता और भावनाओं से भर गया है।

भगवान श्री कृष्ण की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने गौमाता का महत्व स्थापित करते हुए बताया कि गौपालन हमारी संस्कृति और अर्थव्यवस्था से जुड़ा है। गोवर्धन पर्वत उठा कर उन्होंने इंद्र के अभिमान को तोड़ा और संदेश दिया कि ये प्रकृति,पर्वत, वृक्ष हमारे जीवन के संरक्षक हैं जिनका संरक्षण हमें भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महान संत हरिदास जी ने वृंदावन में भगवान श्री कृष्ण और माता श्री राधारानी जी की रासलीला को साक्षात देखा है। जिनके मन में मंदिर होता है उनकी आत्मा में मंदिर होता है।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर ने किया। कार्यक्रम में डॉ. डी.पी. यादव, बंटी यादव, आजाद यादव, मंडल अध्यक्ष नीतेश यादव, राजेन्द्र यादव, उदयपाल यादव, पूर्व सरपंच शेरसिंह यादव, कप्तान यादव पठारी, पप्पू यादव, सुरेन्द्र सिंह लोधी, लक्ष्मीकांत मुडोतिया, कुंवर सिंह मेहर, रावराजा राजपूत, नीरत यादव, मुकेश यादव, मुन्ना यादव, देवीसिंह यादव, शिवकुमार यादव, पुष्पेन्द्र यादव, राजेन्द्र सिंह, अल्लू यादव, भीकम यादव, कमलेश यादव, वीरसिंह यादव, कोमल यादव, रामेश्वर यादव, गंगाराम यादव, महेन्द्र जानी, सहित सैंकड़ों की संख्या में यादव समाज के लोग, नारीशक्ति, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2025- 26 /25 — **सूचना** — सागर दिनांक 28/08/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

| प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम म.न./प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/ वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|
| 801 25/26 | तुलसीनगर | मृत्यु- प्रमाण पत्र रजि. बैनामा, शपथ पत्र | प्रेम जी वल्द मना जी भाई पटेल | केशर बेन पति स्व. प्रेमजी भाई एवं रेखा, पुरुषोत्तम, सुरेश भाई, हंसाबेन, गीता बेन, जितेंद्र कुमार सभी पिता स्व. प्रेम जी भाई पटेल |
| 802 25/26 | तिली | रजि बैनामा, शपथ पत्र | प्यार मोहम्मद वल्द नूर मोहम्मद एवं शवीना पति प्यार मोहम्मद | शकीला बानो पति अनवर अहमद |
| 803 25/26 | अम्बेडकर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | सुभाष पिता शेर सिंह यादव | शिवम पिता कृष्ण कुमार चौरसिया |
| 804 25/26 | जवाहरगंज | रजि बैनामा, शपथ पत्र | बाबूलाल जैन (शाह) पिता भैया लाल शाह | दिलीप कुमार, ऋषभ, मुकेश कुमार, अशोक कुमार सभी पिता बाबूलाल जैन (शाह) |
| 805 25/26 | वाघराज | रजि बैनामा, शपथ पत्र | निधि पति सुनील कुमार जैन | अभिनव पिता राम सिंह प्रजापति |
| 806 25/26 | तिली | रजि बैनामा, शपथ पत्र | सीताराम पिता नन्नाई चौरसिया | ऊषा बाई पति प्रेम नारायण कटारे |
| 807 25/26 | शिवाजी | रजि बैनामा, शपथ पत्र | माया पति गोविंद प्रसाद एवं मेघना, वरुण पिता गोविंद प्रसाद पाण्डेय | मोह0 सुहेल वल्द गफूर खान |
| 808 25/26 | शिवाजी | रजि बैनामा, शपथ पत्र | माया पति गोविंद प्रसाद एवं मेघना, वरुण पिता गोविंद प्रसाद पाण्डेय | मोहसिन वल्द मुबीन खान |
| 809 25/26 | विट्ठलनगर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | हरगोविंद पिता मुलू बासोर | नीरज पिता दीपक बेन |
| 810 25/26 | विट्ठलनगर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | हरगोविंद पिता मुलू बासोर | निकेश पिता दीपक बेन |

**आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर**

670 टन डीएपी खाद की खेप आते ही सख्त की मॉनिटरिंग, कार्यवाही भी शुरू

# कलेक्टर श्रोत्रिय का नया लक्ष्य निर्धारण पारदर्शी व नियम से हो खाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



प्रतिवर्ष किसानों को खाद वितरण में आने वाली समस्याओं और होने वाले हंगामों व विवादों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले में पारदर्शिता से खाद वितरण कराने का अपना नया लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। जिसके चलते सभी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को खाद वितरण को लेकर सख्त मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए गये हैं। साथ ही उक्त कार्य में उदासीनता व लापरवाही वरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध त्वरित कड़ी कार्यवाही का उदाहरण पेश करते हुए कलेक्टर श्रोत्रिय ने दो अधिकारियों को शुरूआती गलती के चलते कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दिए हैं।

किसानों की खाद संबंधी जरूरतों को पूरा करने और किसानों को किसी तरह की किल्लत न होने देने की उद्देश्यपूर्ति के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने एक बड़ा कदम उठाया है। जिले को मिली 670 टन डीएपी खाद की खेप को प्राथमिकता से शीघ्रता से विभिन्न प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी सोसायटियों तक पहुंचाया गया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार खाद वितरण पर शत-प्रतिशत मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू की गई है। कलेक्टर श्रोत्रिय के आदेश पर तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर, सीईओ कॉपरेटिव बैंक राजेश श्रीवास्तव, सहायक संचालक कृषि विभाग दिनेश जाटव और निरीक्षक सहकारिता विभाग सुरेंद्र रावत द्वारा रेक पॉइंट से सोसायटियों तक खाद परिवहन की पूरी निगरानी की जा रही है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियो से साफ शब्दों में कहा कि खाद का वितरण पूरी तरह पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। प्रत्येक पंजीकृत किसान को उसकी आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि बिचौलियों और काला बाजारी की कोई गुंजाइश न रहे। इसी बीच निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने ज़ब देखा कि खाद वितरण के शुरूआती दौर में ही दो अधिकारी मुख्यालय से अनुपस्थित हैं।

बिना अनुमति मुख्यालय से अनुपस्थित रहने पर उपसंचालक कृषि विभाग अशोक कुमार शर्मा और प्रबंधक विपणन संघ अनिल नरबले पर कलेक्टर श्रोत्रिय नें कड़ी नाराजगी जताई। दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा की जा रही खाद वितरण की इस सख्त व्यवस्था से किसानों को राहत मिलने की संभावना है। ग्रामीण क्षेत्रों में डीएपी की बढ़ती मांग को देखते हुए प्रशासन का यह कदम समय रहते उठाया गया है। कलेक्टर श्रोत्रिय का कहना है कि सरकार का उद्देश्य है कि हर जरूरतमंद किसान तक समय पर खाद पहुंचे और उसकी फसल सुरक्षित रहे। सरकार के इस उद्देश्यपूर्ति कार्य में जरा सी भी चूक या लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी।

भोपाल क्राइम ब्रांच टीम ने पूछताछ व निशानदेही पर दी जतारा के रामगढ़ में दबिश

# भोपाल के चर्चित मछली कारोबारी कार्रवाई के तार टीकमगढ़ से जुड़े





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

राजधानी भोपाल में चर्चित मछली कारोबारी पर हुई कार्रवाई के बाद पूछताछ व निशानदेही पर भोपाल क्राइम ब्रांच की टीम ने जिले के जतारा थाना अंतर्गत ग्रामीण रामगढ़ में दबिश दी है। हालांकि उक्त मामले में क्राइम ब्रांच की टीम मीडिया के सामने अभी कुछ भी बोलने से बचती हुई दिखाई दी। लेकिन जानकारों और पुलिस सूत्रों के अनुसार भोपाल के मछली कारोबारी वाले मामले में अवैध हथियारों के मिलने के बाद हुई पूछताछ व आरोपी की निशानदेही पर यह छापामार कार्रवाई हुई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम अपने साथ एक आरोपी को भोपाल से लेकर आई थी। जिसकी निशानदेही पर यह कार्यवाही हुई।

जिले के जतारा थाना अंतर्गत आने वाले रामगढ़ गांव में क्राइम ब्रांच और जतारा पुलिस ने दविश दी, जहां पर किराए का मकान लेकर सुरेंद्र विश्वकर्मा नाम का व्यक्ति रहता था। जिसके पास से हथियार बनाने की मशीनें औजार सहित हथियार बनाने की सामग्री जब्त की है, वहीं क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने कैमरे पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया है। वहीं जानकारों ने बताया कि सुरेंद्र विश्वकर्मा टीकमगढ़ जिले के चंदेरी गांव का निवासी है जो कुछ दिनों से रामगढ़ गांव में किराए से रहकर मिस्त्री का काम करता था, जहां गाड़ियों की बॉडी बनाने का भी काम किया जाता था, और उसके साथ अवैध हथियार भी बनाए जाते थे। जिस पर भोपाल से आई क्राइम ब्रांच की कार्रवाई जारी है। भोपाल क्राइम ब्रांच और जतारा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में पता चला है कि चोरी के हथियार के आरोप में पकड़े गए आरोपी ने टीकमगढ़ जिले से उक्त खरीदने की बात कही थी। तब क्राइम ब्रांच टीम भोपाल से आरोपी को साथ लेकर टीकमगढ़ पहुंची। जहां आरोपी की निशानदेही पर क्राइम ब्रांच टीम टीकमगढ़ जिले के रामगढ़ गांव पहुंची। रामगढ़ गांव में जतारा थाना और क्राइम ब्रांच ने दविश दी जहां स्थित एक वेयर हाउस में हथियार बनाने का कुछ सामान और मशीने जब्त की गई। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी।

कुरेचा बांध में मिला शव, बाइक व बैग मिले थे बांध किनारे, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

# आखिरकार लापता फाइनेंस कर्मी शिवम मामले से उठा पर्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के जतारा नगर के वार्ड नंबर 4 निवासी शिवम उर्फ आनंद चतुर्वेदी फाइनेंस कर्मी का शव रविवार को उत्तर प्रदेश के मऊरानीपुर स्थित कुरेचा बांध से बरामद किया गया। शिवम शुक्रवार शाम से लापता थे। शनिवार को उनकी बाइक और बैग बांध के पास मिले थे, जिसके बाद रविवार सुबह गोताखोरों ने तलाश अभियान चलाकर उनका शव बांध से बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार शिवम एक प्राइवेट हीरो बाइक एजेंसी में फाइनेंस का काम करते थे। शुक्रवार शाम उन्होंने अपने परिजनों से आखिरी बार फोन पर बातचीत की थी। उस समय उन्होंने जल्द ही घर लौटने की बात कही थी, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने रातभर उनकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद मोबाइल लोकेशन की जांच कराई गई, जिसमें उनकी लोकेशन मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र में पाई गई।

### सीसीटीवी फुटेज से मिली अहम जानकारी

पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज हाथ लगी है, जिसमें शिवम को जतारा के एक पेट्रोल पंप पर बाइक में ईंधन भरवाते हुए देखा गया था। इसके बाद उनका कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार को तलाश के दौरान कुआगांव के पास कुरेचा बांध किनारे उनकी बाइक और बैग बरामद हुए। इस पर शक गहराया और रविवार सुबह गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया गया। तलाशी के दौरान शिवम का शव बांध में मिला।

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। उनका कहना है कि शिवम के पास फायनेन्स कंपनी की रिकवरी की नगदी रकम हो सकती है, जिसकी जानकारी किसी को लगने की वजह से उन्हें लूट के इरादे से हत्या किए जाने की आशंका है। परिजनों ने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही जतारा थाना पुलिस और यूपी के मऊरानीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुँची। दोनों थाने की पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। फिलहाल, यह साफ नहीं हो पाया है कि यह मामला आत्महत्या है या हत्या। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

पासपोर्ट निराकरण में लगातार चौथी बार जिला आया प्रदेश में प्रथम स्थान पर

# एसपी मंडलोई के निर्देशन में जिला पुलिस को पुनः मिला मेहनत का मीठा फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले की पुलिस ने प्रदेश स्तर पर एक बार फिर अपनी लगन, निष्ठा और कर्मठता का परचम लहराया है। पासपोर्ट निराकरण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला पुलिस ने लगातार चौथी बार पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि केवल पुलिस विभाग के लिए नहीं बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण है।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में पुलिस कंट्रोल रूम में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिले के उन पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, जिन्होंने पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ पासपोर्ट कार्य को गति दी। सम्मानित पुलिसकर्मियों में जिला विशेष शाखा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक माया जैन, किरण प्रजापति, राजकुमार जाट सहित जिले के 14 थानों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। इस दौरान अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा जिले के पुलिसकर्मियों की मेहनत और समर्पण ने जिले को यह गौरव दिलाया है। यह उपलब्धि केवल पुलिस विभाग की नहीं, बल्कि पूरे जिले के लिए गौरवपूर्ण है। हमें इसी जोश और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए जिले को प्रदेश में आदर्श बनाना है। समारोह के दौरान रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, ट्रैफिक प्रभारी कैलाश पटेल, जिला विशेष शाखा के अधिकारी-कर्मचारी और जिलेभर का पुलिस बल मौजूद रहा। सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सम्मानित पुलिसकर्मियों का हौसला बढ़ाया।

संडे ऑन साइकिल से हुआ तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन

# केंद्रीय मंत्री के साथ कलेक्टर व एसपी ने दिया फिटनेस और प्रदूषण मुक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस का समापन इस बार टीकमगढ़ में अनोखे अंदाज़ में हुआ। तीन दिवसीय खेल महोत्सव के अंतिम दिन संडे ऑन साइकिल के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार खुद साइकिल पर सवार होकर निकले।

रैली की शुरुआत पुलिस लाइन परिसर से हुई, जहां डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और खुद भी कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय तथा पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के साथ पैडल मारते हुए सड़क पर उतरे। उनका यह अंदाज़ लोगों को फिटनेस का महत्व और प्रदूषण मुक्ति का संदेश देने वाला रहा। रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर सिंधी धर्मशाला, गांधी चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा, जवाहर चौराहा और नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस पुलिस लाइन परिसर पहुंची। इस दौरान खिलाड़ी, खेल प्रशिक्षक, खेल संघों के पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

खेल महोत्सव की रूपरेखा तीन दिन तक चली। 29 अगस्त को जिला और विकासखंड मुख्यालयों पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। 30 अगस्त को स्पोर्ट्स क्विज का आयोजन किया गया। 31 अगस्त को संडे ऑन साइकिल रैली के साथ महोत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, ट्रैफिक प्रभारी कैलाश पटेल, उत्तम सिंह सूबेदार, देवेश चंदेल, प्रियंक खरे, धनीराम अहिरवार, पी. प्रसन्ना कुमार, अनूप मंडल, प्रिंस सेन, शरीफ खान, वृजेश यादव, प्रेम नारायण साधक, विनय प्रताप, अंकित राय, एस.पी. दौदेरिया सहित खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, कोच और पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

जबरदस्त रोमांचक मुकाबले में वाईएमसी क्लब की जीत के साथ हुआ समापन

# हॉकी जादूगर की जयंती के 3 दिवसीय महोत्सव में युवाओं ने दिखाया दमखम



टीकमगढ़। जिले के बल्देवगढ़ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा तीन दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह के निर्देशन में संपन्न हुआ। तीसरे एवं अंतिम दिवस की शुरुआत खिलाड़ियों द्वारा फिट इंडिया का संदेश देते हुए शारीरिक व्यायाम से हुई। इसके बाद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बल्देवगढ़ के खेल मैदान पर वॉलीबॉल मुकाबला आयोजित किया गया। मैच में खिलाड़ियों के साथ-साथ पूर्व खिलाड़ियों ने भी भाग लेकर न केवल युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि स्वस्थ तनझ्रमन के लिए खेल, योग और व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। मैदान पर वाई एम सी क्लब और आज़ाद क्लब के बीच शानदार भिड़ंत देखने को मिली, जिसमें रोमांचक मुकाबले के बाद वाई एम सी क्लब विजेता रही। खिलाड़ियों की उम्दा खेल प्रतिभा को देख दर्शक तालियों से मैदान गूंजाते रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक एवं खेल प्रभारी कमलेश मिश्रा, वरिष्ठ खिलाड़ी विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

अत्याधुनिक उपकरणों व तकनीकी से लैस एफआरवी वाहनों का किया निरिक्षण

# आपातकालीन हालात में पुलिस को मजबूत करेगी नई तकनीकः एसपी मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जनता को त्वरित और प्रभावी पुलिस सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने 30 अगस्त को पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में रखे गए नए एफआरवी वाहन डायल-112 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाहन में लगे सुरक्षा उपकरणों और आपातकालीन सहायता उपकरणों का प्रायोगिक परीक्षण कराया। साथ ही वाहन में इंस्टॉल किए गए नए तकनीकी सिस्टम को समझा और रिस्पॉन्स टाइम में सुधार पर विस्तार से जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने निर्देश दिए कि पुलिसकर्मियों को नए एफआरवी वाहन के प्रायोगिक उपयोग का विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। उनका कहना था कि इस प्रशिक्षण के बाद आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस की कार्रवाई और भी तेज, प्रभावी और जनहितैषी हो सकेगी। एफआरवी वाहनों में अत्याधुनिक उपकरणों और तकनीकी सिस्टम लगाए गए हैं, जिनकी मदद से किसी भी आपातकालीन सूचना पर पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम पहले से कम होगा। इससे घटनास्थल तक पहुंचने और त्वरित कार्रवाई करने में पुलिस को बड़ी सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, ट्रैफिक प्रभारी कैलाश पटेल, रेडियो प्रभारी उपनिरीक्षक प्रफुल्ल मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक रेडियो प्रदीप संघी, डायल-112 का तकनीकी स्टाफ और पुलिस बल मौजूद रहा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने वाहन का हर पहलू बारीकी से परखा और अधिकारियों-कर्मचारियों को समय-समय पर तकनीकी प्रशिक्षण देने पर विशेष बल दिया।

समानता और सौहार्द का स्वाद साथ में चख रहे ग्रामीणजन और वन विभाग

# असमानता की दीवार को तोड़ने के लिए रेंजर शिशुपाल की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पर्यावरण संतुलन को बनाने व कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जंगलों की सुरक्षा करने के दौरान वन विभाग और ग्रामीण समाज के बीच अक्सर असमानता और दूरी की दीवारें दिखाई देती हैं। जिसकी वजह से जंगलो के दुश्मनो से लड़ाई अधूरी रह जाती है। लेकिन जतारा वन क्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार ने इस परंपरा को तोड़ते हुए एक ऐसा नवाचार प्रारंभ किया है, जिसने वन विभाग और ग्रामीणों के रिश्ते को स्वाद के साथ एक नई ऊँचाई दी है। 15 अगस्त से जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार ने एक नई परंपरा शुरू की है। जिसमें प्रत्येक रविवार को ग्रामीणों के साथ सामूहिक भोजन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसकी शुरुआत लार कैंपस से 15 अगस्त के दिन से की गई और अब यह सिलसिला पिपरट नर्सरी तक पहुँच चुका है। इस दौरान ग्रामीण, वन समिति सदस्य और अधिकारी-कर्मचारी साथ में खुद भोजन बनाते हैं, एक-दूसरे को परोसते हैं और साथ मिलकर खाते हैं। इससे ग्रामीणों और वन विभाग अधिकारियो व कर्मचारियों के बीच समन्वय मजबूत हो रहा है। जिसका सीधा लाभ वन माफियाओ से होने बाली लड़ाई की आसान सफलता के रूप में मिलने वाला है।



## पिपरट नर्सरी में हुआ समानता सामूहिक भोजन का दूसरा आयोजन

पिपरट नर्सरी में रविवार को दूसरा समानता का सामूहिक भोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जनप्रतिनिधि, पत्रकार, वन समिति के सदस्य, ग्रामीणजन और पूरा वन अमला एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन करते दिखाई दिए। यह नजारा न सिर्फ सौहार्द का प्रतीक बना, बल्कि यह संदेश भी दे गया कि वन सुरक्षा और वानिकी कार्य तभी सफल होंगे जब सभी के बीच भेदभाव की दीवारें गिरा दी जाएं। जिससे एक दूसरे के बीच समानता की मजबूत डोर बांधी जा सके।

### वन सुरक्षा के साथ ग्रामीणों को आजीविका का रास्ता दिखाना भी हमारा उद्देश्य

इस कार्यक्रम में पिपरट, माछी, बलदेवपुरा, कर्मोरा, जरूआ और कंदवा गांव के लोग शामिल हुए। जिसमें जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि वन विभाग का उद्देश्य सिर्फ जंगलों की सुरक्षा करना ही नहीं है, बल्कि वनोपज से ग्रामीणों को आजीविका का रास्ता दिखाना और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना भी हमारा मुख्य उद्देश्य है। जब हम सब समान भाव से एक साथ बैठते हैं, तो असमानता मिटती है और सहयोग बढ़ता है। और यही सहयोग हमें और आपको एक दूसरे का पूरक बनाएगा।

### संवाद के साथ-साथ समस्याओं का भी हुआ समाधान

इस कार्यक्रम की खासियत यह रही कि टीकमगढ़ और जतारा क्षेत्र के पत्रकार भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अपने हाथों से भोजन बनाया और ग्रामीणों संग प्रकृति की गोद में सौहार्दपूर्ण वातावरण का आनंद लिया। भोजन के साथ-साथ चर्चा का दौर भी चला। वन कर्मियों ने अपनी समस्याएं साझा कीं, ग्रामीणों ने वनों से जुड़ी अपेक्षाएँ और जिज्ञासाएं सामने रखीं। रेंजर शिशुपाल अहिरवार ने सभी बिंदुओं पर खुलकर संवाद किया। उल्लेखनीय है कि जतारा रेंजर शिशुपाल हमेशा से ही नवाचारों और कड़े वन अपराध निरोधक कार्यों के लिए चर्चा में रहते है। चाहे ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाना हो या कर्मचारियों के लिए आवास और स्वास्थ्य सुविधाएँ जुटाना, रेंजर शिशुपाल लगातार नई पहल करते रहते हैं।

एक पेड़ मां के नाम अभियान में फिसड्डी रहा स्कूल शिक्षा विभाग

# रोपे जाने थे एक लाख पौधे, अभी तक लग सके सिर्फ 19 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर (5 जून) एक पेड़ मां के नाम महा अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान के तहत सभी विभाग संस्थाओं और सामाजिक संगठनों द्वारा पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया था। इस क्रम में शिक्षा विभाग ने भी तीन माह में एक लाख पौधे रोपे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया था इसके विपरीत दो माह बीतने पर भी सिर्फ 19 हजार पौधे ही अभी तक रोपे गए हैं यानी 81 फीसद शिक्षकों ने अभी तक पौध रोपण किया ही नहीं है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान में स्कूल शिक्षा विभाग के फिसड्डी रहने पर कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जताई गई नाराजगी के बाद जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने जिले के तीनों विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए सप्ताह भर में लक्षित अभियान के नजदीक पहुंचने के लिए अभियान को युद्ध स्तर पर चलाए जाने के निर्देश देते हुए इस काम में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों की वेतन वृद्धि रोके जाने की करवाई करने के निर्देश दिए हैं।

5 जून को शिक्षा विभाग को जो एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया था उसके विपरीत अभी तक सिर्फ 19 हजार पौधे ही लगाए गए हैं इसकी समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नाराजगी दिखाई तब शिक्षा विभाग हरकत में तो आया लेकिन लग नहीं रहा कि वह एक माह में 81 हजार पौधों का रोपण कर लक्ष्य पूरा कर सकेगा। ज्ञात हो कि पौधारोपण में फर्जीवाड़ा रोकने के उद्देश्य से सरकार ने अब लगाए जा रहे पौधे को वायु दूत ऐप के माध्यम से फोटो खींचकर अपलोड करने के निर्देश भी दिए हैं ताकि लगाए गए पौधे की ग्रोथ भी दर्ज की जाती रहे बस इसी चीज ने पौधारोपण का फर्जी वाडा रोक दिया वरना इससे पहले भी कई बार बहुत रोपण हुए हैं और लक्ष्य के ऊपर तक पौधे रोपे जा चुके हैं भले ही आंखों से न दिखाई दे लेकिन कागजों में तो लक्ष्य पूरा होता रहा है लेकिन इस बार वायु दूध ऐप के माध्यम से ही पौधारोपण स्वीकार करने के कारण यह गड़बड़ी सामने आई है और मिले मिले लक्ष्य को पूरा करना विभाग के लिए दूर की कौड़ी साबित हो रही है। हालांकि इस संबंध में डीईओ एमएल गर्ग ने बीईओ ओर संकुल प्रिंसिपलों की ओर से शिक्षकों को नोटिस जारी कर दिया है और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है पर इस कार्रवाई के बाद भी लक्ष्य की पूर्ति एक सप्ताह में हो जाएगी कहना संभव नहीं है।



### एक बगिया मां के नाम अभियान भूला विभाग

देशभर में चलाए जा रहे एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत स्कूल शिक्षा विभाग ने भी स्कूलों में फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि स्कूलों में पौधे लगाने के लिए कच्ची जमीन नहीं मिल रही है इसके लिए विभाग ने वहां पर गमले, पुराने टायर, टूटे हुए मटके इत्यादि संसाधनों में मिट्टी भरकर पौधे लगाने के निर्देश दिए गए हैं पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जो एक लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य मिला है विभाग अभी उसे ही पूरा करने में अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है ऐसी स्थिति में हर स्कूल में एक बगिया मां के नाम लगाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन साबित होना तय है।

### जगह ही नहीं मिल रही है पौधे लगाने के लिए

शिक्षा विभाग को मिले एक लाख पौधों की लक्ष्य की पूर्ति करने में स्कूल प्रांगण में पौधे लगाने के लिए जगह नहीं मिलना भी मुख्य कारण है दर असल अधिकतर स्कूलों के प्रांगण में स्कूल प्रबंधन ने साफ सफाई की गरज से पक्कीकरण करा लिया है। ऐसी स्थिति में शिक्षकों को पौधे लगाने के लिए स्कूलों में जगह ही नहीं मिल रही है, ऐसे स्कूलों के शिक्षकों को हालांकि विभाग ने अपने घरों पर या दूसरे स्थान पर पौधे लगाने की छूट दी है लेकिन यहां भी उन्हें पौधे लगाने की जगह नहीं मिल पा रही है दूसरे उक्त पौधों को वायु दूत ऐप के माध्यम से अपलोड भी करना होता है इसलिए सिर्फ फोटो खींचने भर से जिम्मेदारी भी पूरी नहीं हो पा रही है।

### इनका कहना है...

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार सभी संकुल प्रिंसिपलों को निर्देशित किया गया है कि एक सप्ताह के भीतर पौधे लगाने के लक्ष्य को हासिल किया जाए जो शिक्षक पौधे लगाने में लापरवाही बरतेंगे उन्हें वेतन वृद्धि रोककर दंडित करने के कार्रवाई की जाएगी।

**मधु शर्मा**
**बीईओ श्योपुर**

यह बात सही है कि अधिकतर स्कूलों में पक्कीकरण हो जाने से पौधे लगाने के लिए जगह ही नहीं बची है ऐसे स्कूलों में पौधे लगाने के लिए सीसी को खुदवाकर गड्ढे करवाए जा रहे हैं। ताकि पर्यावरण का संरक्षण हो सके और एक पेड़ मां के नाम अभियान में मिला लक्ष्य पूरा हो सके।

**भरत जाट**
**संकुल प्रिंसिपल कन्या उमावि श्योपुर**

रेडक्रॉस सोसाइटी का रक्तदान शिविर आयोजित

# महावीर ने 55 वीं बार तो दिनेश और रामलखन ने किया 52 वीं बार रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के साथ-साथ रक्तदान अभियान के रोल मॉडल बन चुके महावीर गुप्ता ने रविवार को रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा जिला अस्पताल में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में अपने ही रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 55 भी बार रक्तदान कर जिले में रक्तदान दाताओं के सिरमौर बने रहने का गौरव हासिल किया। इस रक्तदान शिविर में 31 युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किय। योग शिक्षक दिनेश साहू और भाजपा नेता रामलखन नापाखेड़ली ने 52 वीं रक्तदान किया। इसके पहले ये दोनो 51-51 बार रक्तदान कर चुके है।

रक्तदान शिविर में कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे एसडीम श्योपुर गगन मीणा ने रक्तदान के प्रति स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्योपुर में इस तरह के अभियान को देखकर मुझे व्यक्तिगत प्रशंसा हुई है। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव दिनेश राज दुबौलिया ने बताया कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर आयोजित हुए रक्तदान शिविर में 31 रक्तदान दाताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान पुष्पा श्री फाउंडेशन के अध्यक्ष अरुण ओसवाल ने बताया कि हर तीसरे माह में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है इसके अलावा लोग अब अपने प्रिय जनों की पुण्यतिथि व जन्म दिवस पर भी रक्तदान शिविर आयोजित करते रहते हैं। जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में ऐसे युवाओं के नाम रजिस्टर में लिखे हुए हैं जो एक कॉल पर रक्तदान करने दौड़े चले आते हैं ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब युवाओं को रक्तदान करने अस्पताल में न आना पड़े। युवा बिना सोच विचार के अनजान के लिए रोज रक्तदान कर रहे हैं। एसडीएम ने युवाओं के इस जज्बे की खुले मन से प्रशंसा की और शिविर में जिन लोगों ने रक्तदान किया उन्हें सबको रेडक्रास सोसाइटी की ओर से प्रमाण पत्र वितरण किए गए। शिविर में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिंह सिसोदिया ने भी रक्तदान किया। इस दौरान पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, पूर्व नपाध्यक्ष ओम राठौर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार, सिविल सर्जन डा आरबी गोयल आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना प्रांगणा महोत्सव शहर में निकाला भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जैन समाज का चल रहा चातुर्मास के तहत आयोजनों के क्रम में रविवार को प्रांगणा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर शहर में एक विशाल चल समारोह निकला गया।

प्रांगणा महोत्सव के तहत रविवार को जैन समाज के मंदिर पर सामूहिक पूजा अर्चना की गई शास्त्रों का पाठ किया गया इसके बाद शहर में एक विशाल जुलूस निकाला गया जिसमें में युगल को सजा धजा कर रथ पर सवार किया गया था झूमते नाचते धार्मिक गाने गाते हुए महिला पुरुष पूरे बाजार से होते हुए जैन समाज के मंदिर पर पहुंचे जहां सामूहिक आरती कार्यक्रम हुआ।

# गुरु के ब्रह्मज्ञान से ही दूर होगा जीवन में छाया अंधकार:हरजिंदर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जब तक गुरू का ब्रह्मज्ञान प्राप्त नहीं होगा,तब तक जीवन अंधकार मय बना रहेगा। इसलिए जीवन में छाए अंधकार को दूर भगाने के लिए गुरू के ब्रह्मज्ञान की जरूरत है। यह बात ग्वालियर से आई निरंकारी मिशन की प्रचारक बहन हरजिंदर कौर ने रविवार को पाली रोड रायपुरा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित निरंकारी महिला समागम में प्रवचन देते हुए कही। इस कार्यक्रम में शहर श्योपुर सहित सुठारा,माकरोड, हीरापुरा ,बड़ौदा, गुरनावदा तथा शिवपुरी जिले से संत निरंकारी मिशन से जुडे महिला पुरूष शामिल हुए।

प्रचारक हरजिंदर कौर ने प्रवचन के दौरान गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरु के ब्रह्मज्ञान के बिना जीवन में अंधियारा है, जिन संतो ने गुरु के ज्ञान को जीवन अपनाया है, वे भवसागर से पार भी हो गए है। आज दुनिया में अनेक गुरु है, लेकिन पूर्ण सतगुरु वह है, जो हमारे समीप निराकार परमात्मा को बता दे। उन्होंने कहा कि सतगुरू महाराज की कृपा से ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त कर जीवन सार्थक किया जा सकता है। कार्यक्रम में गीत, प्रवचन, कविता रूप में कई लोगों ने आर्शीवाद लिया। इस कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाट ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि अनुशासन निरंकारी मिशन से सीखने की जरूरत है।कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन राधेश्याम सिंह ने किया। जिला मिडिया सहायक हीरा नायक ने बताया कि सत्संग के बाद उपस्थित लोगों ने लंगर की प्रसादी भी पाई।

यातायात पुलिस ने ऑटो संचालकों की बैठक लेकर दी समझाइश

# सड़क पर तोड़ा ट्रैफिक नियम तो पुलिस ऑटो पर करेगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर की सडकों पर ऑटो का संचालन करने वाले ऑटो चालक और इनके मालिक ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए ऑटो का संचालन करें। इसलिए ऑटो में जो भी कमिया हो,उन्हें तत्काल दुरस्त करवा ले। इस समझाइस के बाद भी जो ऑटो नियमो को तोडते हुए संचालित होगा,उसके खिलाफ सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी।

यह हिदायत रविवार को पुलिस कंट्रोलरूम में आयोजित ऑटो संचालको और चालको की बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता ने दी। इस मौके पर ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत भी उपस्थित थे। दरअसल पिछले दिनों एक ऑटो चालक के द्वारा छात्रा के साथ छेडछाड की घटना को अंजाम दिया गया था,ऐसी घटना फिर से न हो,इसके लिए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में यातायात पुलिस ने रविवार को ऑटो चालको और मालिकों सहित ऑटो यूनियन पदाधिकारियों की एक बैठक बुलाई। बैठक में एसडीओपी और ट्रैफिक टीआई ने सभी ऑटो संचालको को साफ शब्दो में हिदायत दे दी कि जो इस तरह की घटना को अंजाम देगा,उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि सभी ऑटो संचालको को दो दिन के भीतर यूनिक नंबर डलवाए जाने तथा नियम अनुसार ऑटो का संचालन करने की समझाइश दी।

### सोईकलां से आज लोहड़ीसोई माताजी मंदिर पर जाएगी पांचवीं पैदल यात्रा

सोईकलां।सोईकलां से आज सोमवार को लोहड़ी सोई माताजी के मंदिर पर एक पैदल यात्रा जाएगी। हर साल की भांति निकाली जाने वाली इस पैदल यात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। समूचे क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली के लिए धर्मप्रेमी लोगों की सामूहिक पहल पर आयोजित यह पैदल यात्रा सोमवार को सुबह 9 बजे से गांवघेर के हनुमानजी के मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ रवाना होगी। गाजेबाजे के साथ रवाना होने वाली यह पैदल यात्रा सुमन मोहल्ला, गौड मोहल्ला, राठौर मोहल्ला, मेन बाजार,शिवहरे मोहल्ला, परसावत मोहल्ला,गोपालपुरा रोड,नयापुरा होते हुए लोहड़ी सोई माता जी के मंदिर पर पहुंचेगी,जहां विधिवत पूजा अर्चना के साथ झंडा चढाकर मातारानी से क्षेत्र में सुख शांति और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की जाएगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने भरी हुंकार गुजरात की तरह लेंगी 24 हजार वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन ने रविवार को श्री हजारेश्वर पार्क में बैठक आयोजित कर आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया। इस दौरान यूनियन की जिला अध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने बताया कि हमारा मुख्य लक्ष्य सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं का 24 हज़ार एवं सहायिकाओं का मानदेय भी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तहत दिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा दोबारा खटखटाना पड़ेगा तो खटखटाएंगे। यूनियन की जिला अध्यक्ष राजकुमार राजपूत ने बताया कि यूनियन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में लड़ी गई लड़ाई का नतीजा यह हुआ कि गुजरात में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का वेतन 24000 रुपए करने के साथ-साथ उन्हें सरकारी कर्मचारी की तरह सारी सुविधाएं दी जाना शुरू हो गई है। हालांकि यह निर्देश पूरे देश में लागू किए जाने के लिए है लेकिन मध्य प्रदेश सरकार इस नियम को नहीं मान रही है इसे मनवाने के लिए यूनियन रणनीति बनाकर आंदोलन करेगी और जरूरत पड़ेगी तो सुप्रीम कोर्ट में दोबारा जाएंगे।

10 अगस्त 2023 से पहले नियुक्त बीएड डिग्रीधारी प्राथमिक शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स अनिवार्य

# नहीं किया ब्रिज कोर्स तो छिन सकती है श्योपुर के 110 प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के सरकारी प्राथमिक स्कूलों में पदस्थ 110 प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी पर खतरा उत्पन्न हो गया है। नौकरी जाने का यह खतरा तब टल पाएगा,जब इन प्राथमिक शिक्षकों को छह माह ब्रिज कोर्स करना आवश्यक होगा। दरअसल 10 अगस्त 2023 से पहले नियुक्त बीएड डिग्री धारी प्राथमिक शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स करना अनिवार्य कर दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने साफ कर दिया कि जो नव नियुक्त बीएड डिग्री धारी प्राथमिक शिक्षक ब्रिज कोर्स नहीं करेगा,वह आगे नौकरी नहीं कर पाएगा। इसलिए जिले के शिक्षा विभाग ने श्योपुर और विजयपुर विकासखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पदस्थ बने 110 नव नियुक्त बीएस डिग्री धारी शिक्षकों को ब्रिज कोर्स करने के लिए निर्देश जारी कर दिए है। बताना होगा कि 6 माह का यह ब्रिज कोर्स उन शिक्षकों को करना जरूरी होगा, जिन्होंने बीएड किया है व उनकी नौकरी कोर्ट के 11 अगस्त, 2023 के आदेश से प्रभावित थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 7 अगस्त, 2024 को अन्य आदेश जारी किया था। इस फैसले का असर जिले के सरकारी स्कूलों में उक्त अवधि के दौरान नियुक्त हुए 110 प्राथमिक शिक्षकों पर भी होगा




### सितंबर में शुरू होगा ब्रिज कोर्स

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक जिले के जो नव नियुक्त प्राथमिक शिक्षक इस कार्रवाई के दायरे में आए है,उन्हें ब्रिज कोर्स किए जाने के संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए है। ब्रिज कोर्स एनआईओएस द्वारा कराया जाएगा, यह कोर्स छह माह का होगा। इस कोर्स को करने के बाद उक्त प्राथमिक शिक्षक जहां अपनी नौकरी बचा पाएंगे,वहीं अपने अपने स्कूलों के बच्चों को भी तभी पढा पाएंगे।

### श्योपुर के 58 और विजयपुर के 52 शिक्षक दायरे में

जिले में नव नियुक्त बीएड डिग्री धारी जिन प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी ब्रिज कोर्स के कारण खतरे में पड गई है,उनमें श्योपुर विकासखंड के स्कूलों में पदस्थ 58 शिक्षक और विजयपुर विकासखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पदस्थ 52 प्राथमिक शिक्षक शामिल है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक उक्त प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति 30 मार्च 2023 से 10 अगस्त 2023 के बीच हुई है। इसलिए इन बीएड डिग्री धारी शिक्षकों के ब्रिज कोर्स का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा

### सूचित कर दिया...

जिले के नव नियुक्त बीएड डिग्री धारी 110 प्राथमिक शिक्षकों को ब्रिज कोर्स अनिवार्य रूप से करना होगा। इसके लिए सभी शिक्षकों को सूचित कर दिया गया है। इसके बाद भी जो शिक्षक यह क्रोर्स नहीं करेगा,वह शिक्षक आगे नौकरी नहीं कर पाएगा।

**एमएल गर्ग**
**डीईओ,श्योपुर**

# राधाअष्टमी पर शहर में निकाला भव्य चल समारोह, जगह-जगह किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राधा अष्टमी पर रविवार को शहर में चल समारोह निकाला गया। श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुआ चल समारोह मुख्य बाजार से होकर निकला। इस दौरान चल समारोह का बाजारों में जगह-जगह स्वागत किया गया। चल समारोह में शामिल श्रद्धालु जगह-जगह भजन गाते व नाचते झूमते चल रहे थे

राधा अष्टमी के अवसर पर घर-घर में राधाजी की पूजा कर राधा जन्मोत्सव मनाया गया। इसी क्रम में गांधी नगर स्थित राधा मंदिर पर भजन कीर्तन आयोजित किए गए। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर राधा अष्टमी के गीत व भजन गाए। श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुआ चल समारोह पाली रोड पुराना बस स्टैंड पर पहुंचा, यहां पर भजन कीर्तन आयोजित किए गए। जयस्तंभ पर भी आयोजकों ने भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। भजनों में महिला-पुरुषों ने मंत्रमुग्ध होकर खूब नृत्य किया। इस अवसर पर लड्डू व फलों को प्रसाद के रूप में बांटा गया। रात 8 बजे तक चल समारोह शहर के मुख्य बाजारों से होता हुआ निकला। चल समारोह में झांकिया भी प्रदर्शित की गई थी। श्रीराधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी के दर्शनों को भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। चल समारोह के बाद सब्जी मंडी स्थित स्वर्णकार धर्मशाला पर भंडारा आयोजित किया गया।





### गौतम धर्मशाला में मनी राधा अष्टमी, लगा छप्पन भोग

शहर के किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला में गौतम ब्राह्मण समाज के द्वारा राधा अष्टमी का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर राधा कृष्ण की सुंदर झांकी सजाई गई। साथही छप्पन भोग का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला और युवतियां ने राधारानी के भजनों पर खूब नृत्य किया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर गौतम ब्राह्मण समाज अध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष स्मिता गौतम, नव युवक मंडल अध्यक्ष हरित गौतम सहित बडी संख्या में समाज के महिला पुरुष मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### कॉलेज में हुआ फैशन एंड टेक्सटाइल डिजाइनिंग के अल्पावधि स्वरोजगान्मुखी प्रशिक्षण का शुभारंभ

**शिवपुरी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवपुरी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत फैशन एंड टेक्सटाइल डिजाइनिंग के अल्पावधि स्वरोजगान्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पवन कुमार श्रीवास्तव द्वारा स्वामी विवेकानंद की फोटो पर माल्यार्पण करके की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किस तरह से विद्यार्थियों को स्वरोजगार करने के लिए उपयोगी है साथ ही अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों को इस प्रकार के प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग शिवपुरी के प्रबंधक अजय तिवारी ने विद्यार्थियों को स्वरोजगार से संबंधित प्राथमिक जानकारी दी। मैन्युफैक्चरिंग एण्ड प्रोडक्शन कंपनी के डायरेक्टर नीरज सेन ने विद्यार्थियों को इस प्रशिक्षण के महत्व के बारे में बताया साथ ही उन्होंने टैक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।



### पिछोर में उत्साह पूर्वक मनाया गया खेल दिवस, खिलाड़ियों ने दी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि

**पिछोर।** अगस्त शुक्रबार को छत्रसाल स्टेडियम एवं शिवलोक पब्लिक स्कूल में खेल दिवस पर कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें फु टबॉल मैच,100 मीटर दौड़, आदि प्रतियोगिताएं पिछोर विधायक प्रतिनिधि सुनील लोधी की अध्यक्षता एवं कयूम खान चाचा के विशिष्ट अतिथि के रूप में की गई। सुनील लोधी तथा कयूम खान चाचा के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साह वर्धन बढ़ाया इसके साथ ही यह कार्यक्रम 29 अगस्त से 31 अगस्त तक विकासखंड पिछोर में बड़े उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। साथ ही खिलाड़यों एवं अतिथियों के द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर मालाकर बच्चों को खेल के बारे में बताया इस मौके पर सत्येंद्र पाठक, रणजीत रहोरा, कृष्णा द्विवेदी आदि सभी अतिथियों को सम्मान स्वरूप शिवलोक पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नीरज गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। अतिथियों का सम्मान प्राचार्य शीतल शर्मा द्वारा किया गया, मंच का संचालक एवं आभार ब्लॉक यूथ कोऑर्डिनेटर अतर सिंह गौर जोंटी द्वारा किया गया इसके साथ ही अंत में खिलाड़ियों को शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया।



### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन रहता है: डॉ अमन

**बीना।** गर्ल्स कॉलेज में खेल महोत्सव के तृतीय दिवस पर मटकी फोड़ एवं तेज चाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर में कॉलेज प्रभारी प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने सभी खिलाड़ी छात्राओं को शुभकामनाएं दी। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अमन आर्य ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता हैं। मटकी फोड़ आकर्षक गतिविधि है जो तनाव को कम कर सकती हैं। मटकी फोड़ में विजेता आयुषी सेन रही। वहीं प्रभारी डॉ. दीपमाला सिंह, नवीन नामदेव और नीता नामदेव रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, एक गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

कोलारस थाना क्षेत्र के एनएच-46 फोरलेन हाइवे पर ग्राम देहरदासडक के पास शनिवार को एक सड़क हादसा घटित हो गया। तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक संजीव जाटव पुत्र नरेश जाटव निवासी जूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी चचेरी बहन अल्का जाटव पुत्री छोटा जाटव गंभीर रूप से घायल हो गई। अल्का को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल शिवपुरी भर्ती कराया गया है।

### बहन को परीक्षा दिलाकर लौटते समय हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार संजीव जाटव (18) अपनी चचेरी बहन अल्का (18) को लुकवासा में परीक्षा दिलाकर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। तभी रास्ते में देहरदासडक गांव के पास फोरलेन हाइवे पर तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि संजीव की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक संजीव अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। कुछ साल पहले ही उसके पिता का निधन बीमारी के कारण हो चुका है। बेटे की आकस्मिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पुलिस ने किया मामला दर्ज

सूचना मिलने पर लुकवासा चौकी प्रभारी बैजनाथ मिश्रा मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**विगत तीन वर्ष से लकवा की बीमार ग्रसित था**

### घर से अनार लेने की बोलकर गया युवक ट्रेन के आगे आकर कर ली आत्महत्या



**बदरवास।** पुलिस थाने के पीछे वार्ड 7 में निवासी बाबूलाल जाटव जो कि विगत तीन वर्ष से पहले लकवा की बीमारी से ग्रसित था जिसका लगातार इलाज चल रहा था आज देर शाम घर से अनार लेने की बोलकर घर से गया और वही बदरवास वन परिक्षेत्र कार्यालय के आगे से गुजरी रेलवे पटरी पर ग्वालियर बीना पैसेंजर ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी लगते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी बदरवास पुलिस को दी बदरवास पुलिस ने मर्द कम कर जांच शुरू कर दी है, वही पीएम के बाद सब परिजनों को सपोर्ट किया जाएगा।

### एक आरोपी को गिरफ्तार कर कार एवं अवैध शराब की जब्त




**बीना।** पुलिस ने अवैध शराब से भरी एक कार को जब्त किया है। जिसमें एक आरोपी से 84 हजार की शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस इस घटना में एक से अधिक आरोपी होने का संदेह जता रही है। रविवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि ग्राम नौगांव से सतोरिया की तरफ एक सिल्वर कलर की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक यूपी 16 एस 5759 कार से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी अनूप यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर तत्काल ग्राम मेवली के पास पहुंचकर मुखबिर द्वारा बताई कार को रोककर तलाशी ली गई। जिसकी तलाशी के दौरान कार से कुल 126 लीटर अवैध देशी लाल मसाला शराब कुल 700 पाव, 126 लीटर (14 पेटियां) बरामद की गई। जिनकी अनुमानित कीमत करीब 84 हजार रूपए है एवं अवैध परिवहन करते हुए पकड़ी गई कार की अनुमानित लागत करीब 1 लाख 50 हजार बताई गई है।

### मंडी बामोरा पुलिस ने नाबालिग किशोरी को भोपाल से किया दस्तयाब

**बीना।** 19 अगस्त को घर से लापता हुई 16 वर्षीय नाबालिग को मंडी बामोरा पुलिस ने भोपाल से दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया है। उप निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि 16 वर्षीय नाबालिग बच्ची को घर से कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी। परिजन की रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस का मामला कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान एसडीओपी नीतेश पटेल के निर्देशानुसार एवं थाना प्रभारी आगासौद नितिन पाल के कुशल मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा सायबर सेल सागर के सहयोग से नाबालिग बच्ची को भोपाल से दस्तयाब किया गया। जिसके कथन पुलिस अधिकारी एवं न्यायालय में कराए जाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। उक्त सराहनीय एवं संवेदनशील कार्यवाही में उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, प्रधान आरक्षक रमा निवास, सुशील सिंह चौहान, आरक्षक रोहित विश्वकर्मा, आर 1563 गजेन्द्र, महिला आरक्षक साक्षी कोरी की सराहनीय भूमिका रही।

**नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालों पर हुई कार्रवाई**

### कोलारस पुलिस ने 23 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला



**कोलारस।** जिला पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार मूले व कोलारस एसडीओपी संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में टीआई रवि चौहान ने अपने पुलिस अमले के साथ नियम विरूद्व तरीके से सडक पर वाहन दौडाने वालों को पुलिसिया कार्रवाई की जद में लिया है। चालानी कार्रवाई के दौरान लगभग 10 बाइक सवार ऐसे पाए गए जो हेल्मेट नहीं पहने हुए थे और न ही वाहनों के कागजात साथ में लिए हुए थे। जिसके चलते पुलिस ने चालानी कार्रवाई करते हुए 10 बाईक सवारों से 3000 रूपये का जुर्माना वसूल किया है। वहीं 2 यात्री बस, 3 फोर व्हीलर और 8 बाइकें आदि वाहन चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस और आरसी जैसे जरूरी दस्तावेज न होने के अभाव में उक्त वाहनों पर न्यायिक कार्रवाई करने हेतु प्रस्तावित किया गया। टीआई रवि चौहान का कहना है कि नियम विरूद्व वाहन चलाने वालों पर यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। टीआई चौहान के मुताबिक वाहन चैकिंग अभियान आमजनों की सुरक्षा और सड़क दुघर्टनाओं को रोकने के लिए चलाया जा रहा है। यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे। जिसमें जांच के दौरान कई अनफिट वाहन जो मानवीय सुरक्षा हेतु घातक हैं, जिनके पास इंश्योरेंस नहीं है या चोरी के वाहन भी चालानी कार्रवाई के दौरान पुलिस गिरफ्त में आएंगे। वाहन चैकिंग अभियान से आमजनों के मन में यातायात सुरक्षा के नियमों का पालन करने का भय भी बना रहता है।

**2 स्वर्ण, 1 रजत, 6 कांस्य पदक जीते**

## कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में सागर की ऐतिहासिक जीत दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित ऑल इंडिया सब-जूनियर, यूथ, कैडेट, जूनियर, अंडरझ21 एवं सीनियर राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का मान बढ़ाया। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन एवं कराटे स्पोर्ट्स एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में सम्पन्न हुई। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देशभर के 24 राज्यों के करीब 12 सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया। अमेचर कराते एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष एवं प्रथम विश्वामित्र अवार्डी मध्यप्रदेश शासन के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश से 70 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 36 पदक जीते, जिनमें 8 स्वर्ण, 4 रजत और 24 कांस्य पदक शामिल रहे। एमेच्योर कराटे एसोसिएशन मध्यप्रदेश के रेफरी कमीशन सदस्य एवं राष्ट्रीय क्वालीफाई ऑफिशियल सेंसई संदीप अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में सागर जिला के बीना तहसील से 14 खिलाड़ियों ने भाग लेकर 2 स्वर्ण पदक,1 रजत पदक, 6 कांस्य पदक जीतकर सागर जिले का नाम रोशन किया। टीम इवेंट्स में भी मध्यप्रदेश का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। कैडेट एवं जूनियर पुरुष टीम काता (14झ17 वर्ष) में अरिहंत जैन, समर प्रताप सिंह और कृष्णा सिंह दांगी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला टीम काता (14झ17 वर्ष) में अनोखी चौधरी, याम्मानुरु हिमावर्शिनी और पलक धाकरे ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अन्नपूर्णा झा (अंडरझ21, महिला-61 किग्रा) ने रजत पदक प्राप्त किया। पदक विजेताओं में अरिहंत जैन, अनोखी चौधरी, सावी अग्रवाल, पार्थवी अग्रवाल, याम्मानुरु हिमावर्शिनी सहित अन्य खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट कला से प्रदेश का नाम रोशन किया। आदवी सिंह बुंदेला,प्रियांशी ठाकुर, श्रेयांश चतुर्वेदी, कार्तिक यादव एवं पृथ्वीराज कुशवाहा ने अपने-अपने आयु वर्ग,वजन वर्ग में उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन कर शहर एवं जिला का नाम रौशन किया। प्रतियोगिता में विशेष रूप से, एमेच्योर कराटे एसोसिएशन मध्य प्रदेश के रेफरी कमीशन सदस्य एवं राष्ट्रीय क्वालीफाई ऑफिशियल सेंसई संदीप अग्रवाल, सेंसेई ललिता राठौर और सेंसई शुभम खरे ने तकनीकी अधिकारी के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

## रन्नौद नगर परिषद ने सीएम हेल्पलाइन में 100 प्रतिशत स्कोर के साथ संभाग में पाया दूसरा व प्रदेश में 10वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रन्नौद



जिला कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण में रन्नौद नगर परिषद ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अगस्त माह की जारी रैंकिंग में रन्नौद नगर परिषद ने ग्वालियर-चंबल संभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत स्कोर के साथ ए-ग्रेड प्राप्त कर दूसरा स्थान पाया है। वहीं प्रदेश स्तर पर भी रन्नौद नगर परिषद ने 10वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इससे पहले जुलाई माह में भी नगर परिषद रन्नौद ने 100 प्रतिशत स्कोर के साथ ए-ग्रेड पाकर संभाग में प्रथम स्थान हासिल किया था। इस निरंतर सफ लता के लिए आयुक्त द्वारा नगर परिषद रन्नौद को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के पीछे कोलारस एसडीएम अनूप श्रीवास्तव की सतत निगरानीए ई-केवाईसी जैसे कार्यों पर स्पष्ट निर्देश तथा रन्नौद नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विष्णु कुमार भदकारिया के नेतृत्व में टीम की सक्रिय कार्यशैली रही। टीम की मेहनत और समन्वित प्रयासों के कारण नगर परिषद ने यह सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण ने भी नगर परिषद की कार्यकुशलता को और सशक्त बनाया है। यह उपलब्धि जिले के अन्य नगरीय निकायों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और साबित करती है कि बेहतर मार्गदर्शन और लक्ष्य आधारित कार्यशैली से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि रन्नौद नगर परिषद ने लगातार बेहतर काम कर जिले की छवि को निखारा है। लोगों की शिकायतों का जल्दी और सही समाधान मिल रहा है, जिससे आमजन को सीधा लाभ हो रहा है। यह सफ लता पूरी टीम की मेहनत का नतीजा है।

**जिले के 4 ब्लॉकों के गणित व विज्ञान के शिक्षकों की जिज्ञासु किट वर्कशॉप का हुआ समापन**

## इंटरएक्टिव कार्यशाला में समूह कार्य, चर्चा व सहयोगात्मक समस्या समाधान शामिल होता है : प्राचार्य शरीफ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी।

एक अनुभवात्मक कार्यशाला एक इंटरएक्टिव और गहन शिक्षण अनुभव है जो व्यावहारिक गतिविधियों, सिमुलेशन और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों पर केंद्रित होता है। शिक्षक इंटरएक्टिव गतिविधियों के माध्यम से टीम वर्क और संचार कौशल के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करें। इसके साथ ही नेतृत्व विकास कार्यशाला में भूमिका निर्वाह और समूह कार्य के माध्यम से नेतृत्व कौशल विकसित किया जाए। यह बात डाइट प्राचार्य एमयू शरीफ ने शनिवार को डाइट में आयोजित हुए जिज्ञासु किट वर्कशॉप के समापन पर जिले के 40 जन शिक्षा केंद्रों के 84 शिक्षक व बीएसी को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर वरिष्ठ व्याख्याता अनिल चौबे, राजेश श्रीवास्तव, जितेंद्र गुप्ता, अनीता गुप्ता, प्रशिक्षण प्रभारी सरिता लोधी, प्रशांत गुप्ता व बबलू आदिवासी सहित सागर से विशेष प्रशिक्षण लेकर आए मास्टर ट्रेनर तथा शिक्षक मौजूद थे।

### शिक्षकों को सिखाया कैसे करें एडवांस जिज्ञासु किट का उपयोग

शहर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में गुरुवार से शुरू हुए पिछोर, खनियाधाना, नरवर व करैरा ब्लॉक के 40 जन शिक्षा केंद्रों के शिक्षकों की जिज्ञासु किट वर्कशॉप का समापन शनिवार को किया गया। इस दौरान आईटीआई गांधीनगर गुजरात से जिज्ञासु किट का विशेष प्रशिक्षण लेकर आए मास्टर ट्रेनर नीरज मिश्रा, प्रवीण कुरैशीव अंशिका भारद्वाज ने तीन दिनों के प्रशिक्षण में शिक्षकों को जिज्ञासु किट के इस्तेमाल के तरीके सिखाए। प्रशिक्षण में बताया गया कि इस एडवांस्ड लेवल की किट के उपकरणों का उपयोग कर सीखने सिखाने की अवधारणा को कैसे सहज व आसान बनाया जाए जिससे बच्चे इसका खुद उपयोग कर सकें। अब यह शिक्षक अपने जन शिक्षा केंद्रों पर अन्य विद्यालयों के शिक्षकों को एडवांस लेवल की किट के उपयोग को लेकर प्रशिक्षण देंगे।

### समापन पर बांटे गए प्रमाण पत्र, 4 ब्लॉकों का प्रशिक्षण कल

डाइट प्राचार्य एमयू शरीफ ने बताया कि डाइट में आयोजित हुए तीन दिवसीय जिज्ञासु किट प्रशिक्षण में पिछोर, खनियाधाना, करैरा व नरवर ब्लॉक के 84 शिक्षक व ब्लॉक एकेडमिक कोऑर्डिनेटरों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्राचार्य एम यू शरीफ द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे गए। अब जिले के शिवपुरी, पोहरी, कोलारस व बदरवास ब्लॉक के 40 जन शिक्षा केंद्रों के 84 शिक्षक व ब्लॉक अकादमिक कोऑर्डिनेटरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से शुरू होगा जो कि बुधवार तक चलेगा। प्रशिक्षण का समापन एडवांस लर्निंग किट के प्रयोग के प्रदर्शन के साथ बुधवार को किया जाएगा।

**उत्तम शौच धर्म का अर्थ विचारों आचरण व भावनाओं में पवित्रता लाना: अमन भैया**

## छोटी बजरिया जैन मंदिर में प्रथम एवं द्वितीय वेदी का हुआ अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना।

छोटी बजरिया स्थित श्री 1008 सहस्त्रफणी पारसनाथ दिगंबर पंचायती जैन मंदिर पारस धाम में दसलक्षण पर्युषण पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। रविवार को प्रथम वेदी पर सुबह 7 बजे, द्वितीय वेदी पर 7:30 बजे अभिषेक एवं शांति धारा सांगानेर से आए भैया अमन के सानिध्य में संपन्न हुआ। दोपहर में विधान एवं शाम को महाआरती का भव्य कार्यक्रम हुआ। इस दौरान अमन भैया ने अपने प्रवचन में बताया उत्तम शौच धर्म का अर्थ विचारों आचरण और भावनाओं में पवित्रता लाना है। बाहरी शुद्धि के साथ-साथ उत्तम सोच धर्म आंतरिक शुद्धि पर विचार करना सिखाता है। इससे मन की अशांति दूर होती है। क्योंकि यह आवश्यकता और इच्छाओं के बीच संतुलन सिखाता है। धन और भोग की आकांक्षा से मुक्ति दिलाता है। जिससे मनुष्य अतृप्त और दुखी नहीं होता है। आवश्यकताओं के प्रति संतुष्ट रहना और अनावश्यक इच्छाओं को कम करना उत्तम शौच धर्म का महत्वपूर्ण पहलू है। उत्तम शौच धर्म को आचरण में लाने के लिए क्रोध, मान, माया, लोभ से बचना चाहिए। इच्छाओं को नियंत्रित करते हुए संतोष भाव मन से विकसित करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित प्रवीण जैन, प्रदीप जैन, संजू जैन, संजय जैन, सुनील जैन, सम्यक जैन, रमेश जैन, कमल जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

**गणेश महोत्सव के चौथे दिन पंडालों में भजन-कीर्तन की धुन पर थिरके भक्तजन**

## गणेश पंडाल में रात के समय हुए भजन कीर्तन, आरती में उमड़ी भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

कस्बे के ग्राम पुराने दिनारा में राधा कृष्ण मंदिर के पास में सजाए गए गणेश पंडाल में भजन कीर्तन का दौर शुरू हो गया है। वहीं रात में होने वाली आरती के समय सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ हो रही है। पुराने दिनारा में स्थापित की गई गणेश प्रतिमा में बीती रात ग्रामीणो ओं के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। देर रात तक ग्रामीणो ने गणपति महाराज के पंडाल में भजन प्रस्तुत किए। इससे पूर्व आरती के समय भी पंडाल में लोगों की भारी भीड़ हुई। छोटे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी जा रही है।

**गणेश चतुर्थी पर मंदिर-पंडालों में लगा श्रद्धालुओं लगा तांता**–गणेश महोत्सव पर पंडालों में धूम है। जगह-जगह पंडाल सजाकर भगवान गणेश की स्थापना है। बुधवार को भगवान गणेश की सुबह शाम पूजा अर्चना में बड़ी संख्या में भक्तों व श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आरती व तालियों की करतल ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो रहा है।

बुधवार को कस्बे के साथ ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर में गणपति बप्पा बिराजवान है। लोग ने पंडालो से लेकर घरों में पूजा अर्चना के साथ कीर्तन भजन करने में लगे हैं। छोटे-छोटे बच्चे अपनी माताओं के साथ पूजा अर्चना कर रहे हैं। वहीं नगर के पुराने दिनारा में राधा कृष्ण मंदिर के पास स्थित गणेश महोत्सव सेवा समिति के तत्वाधान में पांडाल में स्थापित भगवान गणेश जी प्रतिमा विराजमान गणेश प्रतिमाओं का भव्य श्रृंगार कर सुबह शाम पूजा-अर्चना व आरती कर धार्मिक अनुष्ठान कर भगवान गणेश को प्रसन्न करने में लगे हैं। इसमें कमेटी के सदस्य अजीत शिवम विकास राजा पत्रकार किशन अर्जुन अनिल महेंद्र संजीव अन्य शामिल थे।

**राधाजी की भक्ति में डूबे लोग, जमकर किया नृत्य**

## राधा अष्टमी पर राधे राधे प्रभात फेरी मंडल ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**बीना।** राधा अष्टमी शहर में बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राधे राधे प्रभात फेरी मंडल ने भव्य शोभायात्रा निकाली राधे-राधे भजनों पर भक्तजनों ने नृत्य कर राधा जी की भक्ति में डूबे नजर आए। प्रभात फेरी मंडल द्वारा सुबह 5 बजे मां जागेश्वरी धाम से राधा की भव्य शोभा यात्रा निकाली। जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तत्पश्चात मां जागेश्वरी धाम पर राधा कृष्ण दरबार में राधा जू का अभिषेक किया गया एवं राधा जी के प्रकट उत्सव पर भक्त माली द्वारा जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। वहीं झूलेलाल मंदिर पर श्रीपाद रमाकांत प्रभु जी (इस्कॉन मंदिर श्रीधाम वृन्दावन) श्रीपाद अनिरुद्ध प्रभुजी एवं श्री पाद केशव प्रभु जी (इस्कॉन मंदिर उज्जैन) कमल प्रभु, महेश प्रभु के सानिध्य में राधा रानी सरकार का अभिषेक कर महाप्रसाद का आयोजन हुआ।